क्र0स0	विभाग का नाम	योजना का नाम	मुख्य बिन्दु	योजना का सार
1	कृषि विभाग	1. एग्री क्लीनिक एवं एग्री बिजनेस योजना	<u>योजना हेतु पात्रता –</u> 1 कृषि/तकनीकी स्नातकों को व्यक्तिगत रूप से 2 कृषि/तकनीकी स्नातकों को समूहों में	1– बैकों द्वारा ऋण उपलब्ध कराकर स्वरोजगार के अवसर प्रदान किया जाना। 2– पात्रता के अनुसार युवकों का चयन करके उनको कृषि विश्वविद्यालय तथा राज्य कृषि प्रबंध संस्थान रहमान खेडा ल खनऊ के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करना। 3– प्रशिक्षित युवकों द्वारा कृषि निवेशों की आपूति, कृषि यन्त्रों/ उपकरणों को कृषकों को किराये पर देने का कार्य । 4– एग्री क्लीनिक की स्थापना करके प्रशिक्षित कृषि तथा तकनीकी स्नातकों द्वारा विभिन्न फसलों की नयी प्रजाजियों तकनीकी परामर्श, मृदा परीक्षण /उपचार आदि कार्य करना।
		2. बीज ग्राम योजना	<u>योजना हेतु पात्रता</u> सीमान्त कृषक	1– प्रति विकास खण्ड में 15 हे0 भूमि पर सीमान्त कृषकों द्व ारा बीज उत्पादन का कार्य। 2– उत्पादित बीजों का क्रय कृषि विभाग के माध्यम से किया जाना। 3– योजनान्तर्गत 8 हजार सीमान्त कृषकों को लाभान्वित किया जाना। 4– योजनान्तर्गत लाभान्वितों की आय में वृद्धि करना तथा प्रमाणित बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करना।
		3. मृदा परीक्षण कार्यक्रम	<u>योजना हेतु पात्रता</u> 1– गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले व्यक्ति। 2– उक्त पात्राता के अंतर्गत चिन्हित लोगों का समूह गठित कर उनके माध्यम से।	1– मृदा परीक्षण के कार्यो में प्रशिक्षित किया जाना। 2– नाबार्ड के माध्यम से रू0 2.5 लाख का ऋण स्वीकृत कराकर मृदा परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित कराया जाना। 3– बैकएन्डेड सब्सिडी के रूप में ऋण का 50 प्रतिशत अर्थात अधिकतम रू0 1.25 लाख का अनुदान। 4– जनपदों में आवश्यकतानुसार मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं की उपलब्धता किया जाना।
.		4. कम उत्पादकता वाले विकास खण्ड में विशेष कार्यक्रम	<u>योजना हेतु पात्रता</u> – प्रत्येक जनपद में कम उत्पादकता वाले दो विकास खण्ड़ों का चयन	1– उत्पादकता में दुगनी वृद्वि करने की कार्य–योजना। 2– प्रत्येक जनपद में खरीफ एवं रवि में कम उत्पादकता के कारणों को चिन्हित कर कार्यक्रम चलाना। 3– समन्वित विकास के लिये कृषि निवेशों की आपूर्ति, कृषि विपणन, अवस्थापना को विकसित करके उत्पादकता को बढाये जाने की विशेष योजना बनाना। 4– विशेष योजना के क्रियान्वयन से उसका लाभ विकास खण्ड़ के किसानों को रोजगार वृद्वि में सार्थक बनाना।
.		5. कृषि विविधीकरण परियोजना।	<u>योजना हेतु पात्रता</u> क्षेत्रा विशेष की विशेषता को देखते हुये उत्पादकता बढाने की परियोजना।	1– उ0 प्र0 विविधीकरण परियोजना(डास्प) की भॉति क्षेत्रा विशेष के लिये रोजगारपरक परियोजना का निर्माण एवं संचालन। 2– परियोजनान्तर्गत एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन एवं वर्मी कम्पोस्ट का बढावा देकर अनेकों फसलों के लिये किसानों को प्रोत्साहित किया जाना। 3– उत्पादन बढाने के लिये जैविक खाद को बढावा दिया जाना। 4– फल एवं सब्जियों के उत्पादन, दुधारू पशुओं की नस्ल में सुधार तथा चारे का प्रबंधन का कार्यक्रम लिया जाना, जिससे किसानों की आय में अधिक वृद्वि हो सके।
.		6. उ0 प्र0 भूमि सुधार Q	<u>योजना हेतु पात्रता</u> उसर भूमि को उपचारित कर भूमि में सुधार <u>जिला स्तर पर संबंधित</u>	1– कृषि योग्य भूमि को उपजाऊ बनाया जाना। 2– भू स्वामियों को इस कार्यक्रम से सीधे जोड़ने का कार्य । 3– जनपद में उपलब्ध ऐसी कृषि योग्य भूमि को कृषि योग्य बनाकर उपजाऊ बनाया जाना।

			अधिकारी जिला कृषि अधिकारी	4– योजनाओं के माध्यम से रोजगार किया जाना।

क्र.सं	विभाग का नाम	योजना का नाम	मुख्य बिन्दु	योजना का सार
2	पशुपालन विभाग	स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना Q	**योजना हेतु पात्रता** स्वर्ण जयंती स्वरोजगार योजना के मार्ग निर्देशानुसार लाभार्थियों का चयन एवं अनुदान आदि विकास खण्ड/ जनपद स्तर से किया जाता है। **जिला स्तर पर संबंधित अधिकारी** मुख्य विकास अधिकारी/ खण्ड विकास अधिकारी/ पशु चिकित्साधिकारी	**मद इकाई क्षमता इकाई लागत** 1– गाय/ भैंस पालन 2 पशु 39,000 2– '' 4 पशु 79,000 3– भेड़ पालन 40 मादा 1 नर 55,100 4– बकरी पालन 10 मादा 1 नर 28,000 5– सूकर पालन 5 मादा 1 नर 40,000 6– कुक्कुट पालन 500 चूजे (ब्रायलर) 48,500 7– कुक्कुट पालन 500 पक्षी (लेयर) 1,30,500 8– कुक्कुट पालन 100 चूजे (लेयर) 24,400 9– बत्तख पालन 100 चूजे 15,800 10– नैसर्गिक अभिजनन, 2 सांड (सांड) केन्द्र 22,000
		अम्बेडकर विशेष रोजगार योजना चयनित जनपदों में Q	**योजना हेतु पात्रता** लाभार्थियों का चयन विकास खण्ड स्तर पर गठित समिति जिसमें खण्ड विकास अधिकारी पशु चिकित्साधिकारी, बैंक अधिकारी एवं ग्राम प्रधान शामिल होते हैं, के द्वारा किया जाता है। **जिला स्तर पर संबंधित अधिकारी** मुख्य विकास अधिकारी/ मुख्य पशु चिकित्साधिकारी / पशु चिकित्साधिकारी	बकरी पालन 10मादा 1 नर 28,000 सूकर पालन 5 मादा 1 नर 40,000 कुक्कुट ब्रायलर 500 चूजे पालन 48,500 योजना में बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराये जाते हैं योजना में अनुदान सामान्य वर्ग के लाभार्थी को 25 प्रतिशत अधिकतम 7,500/– एवं अनुसूचित जाति/ जनजाति के लाभार्थी को 33 प्रतिशत अधिकतम 10,000 प्रति इकाई लागत पर देय है।यह योजना बैंक ऋण पर आधारित है।
		पैरावेट (प्राइवेट ए0आई0 कार्यकर्ता)	यह योजना उन क्षेत्रों के लिए है जहां पशुपालन की संस्थायें कार्यरत नहीं हैं। लाभार्थी का 4 माह का कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण, बधियाकरण का प्रशिक्षण दिया जाता है। लाभार्थी का चयन विकास खण्ड से होकर जनपद स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता की समिति द्वारा किया जाता है।	इस योजना में शिक्षित बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराया जाता है। लाभार्थी को चयनित विकास खण्ड का निवासी जोना चाहिए। लाभार्थी इन्टर जीवन विज्ञान/ कृषि विज्ञान पास हो। योजना उ0प्र0 पशुधन विकास परिषद एवं यू0पी0 डास्प द्वारा चिन्हित जनपदों में चलायी जा रही हैं। लाभार्थी कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण, बधियाकरण कर अपनी जीविका अर्जित करते हैं।
		प्राईवेट वेटरिनरी क्लीनिक	लाभार्थी पशु चिकित्सा विज्ञान में स्नातक व बेरोजगार होना चाहिए। उत्तर प्रदेश पशु चिकित्सा परिषद में पंजीकृत हों।	एग्रीक्लीनिक योजनान्तर्गत प्राइवेट वेटरिनरी क्लीनिक की स्थापना हेतु बेरोजगार पशु चिकित्सा स्नातकों को नाबार्ड रिफाइनेन्स अन्तर्गत बैंक ऋण उपलब्ध कराना इस योजना का उद्देश्य है। योजनान्तर्गत प्राइवेट वेटरिनरी क्लीनिक की स्थापना के लिए कुल लागत रू0 1.46 लाख, प्राइवेट वेटरिनरी क्लीनिक एवं लघु डेरी इकाई के लिए कुल लागत रू0 3.30 लाख, प्राईवेट कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र के लिए कुल लागत रू0 0.56 लाख, (मोपेड माडल) व रू0 0.91 लाख (मोटर साइकिल माडल) एवं प्राइवेट वेटरिनरी क्लीनिक तथा पशु

				आहार एवं पशु औषधि विक्रय केन्द्र के लिए रू0 2.00 लाख निर्धारित हैं। बैंक द्वारा आवश्यक अवस्थापना मद स्टेशनरी, क्रायोकेन्स, ए0आई0 किट, मोपेड, मोटरसाइकिल आदि के लिए ऋण दिया जायेगा।

क्र.सं	विभाग का नाम	योजना का नाम	मुख्य बिन्दु	योजना का सार
3	उ.प्र.पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम	1. मार्जिन मनी ऋण योजना (15 परियोजनाएं) 2. टर्म लोन ऋण योजना (52 परियोजनाएं)	1. <u>योजना हेतु पात्रता</u> :– *i.* जो उत्तर प्रदेश का निवासी ओ व राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित पिछड़े वर्ग का सदस्य हो। *ii.* 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो व 50 वर्ष से अधिक न हो। *iii.* गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहा हो अर्थात् जिसकी /परिवार की वर्तमान में समस्त श्रोतों से वार्षिक आय शहरी क्षेत्र में रूपये 21,206 तथा ग्रामीण क्षेत्र में रू0 15,976 से अधिक न हो तथा दोहरी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहा हो अर्थात् परिवार की समस्त श्रोतों से वार्षिक आय शहरी क्षेत्र में रू0 42,412 तथा ग्रामीण क्षेत्र में रू0 31,952 से अधिक न हो।	इस योजना का संचालन निगम द्वारा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम नई दिल्ली के सहयोग से किया जा रहा है। महिलाओं के लिए ब्याज दर में छूट है

क्र.सं	विभाग का नाम	योजना का नाम	मुख्य बिन्दु	योजना का सार
4	बेसिक शिक्षा	1– 3000 प्राथमिक विद्यालयों को वित्त विहीन मान्यता 2– 800 उच्च प्राथमिक विद्यालयों को वित्त विहीन मान्यता Q	<u>योजना हेतु पात्रता</u> :– <u>जिला स्तर पर संबंधित अधिकारी</u> *जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी*	<u>योजना का संक्षिप्त विवरण</u> :– 3000 प्राथमिक विद्यालयों को वित्त विहीन मान्यता देकर 15000 अध्यापकों हेतु रोजगार सृजन 800 उच्च प्राथमिक विद्यालयों को वित्त विहीन मान्यता देकर 3200 अध्यापकों हेतु रोजगार सृजन

क्र0स0	विभाग का नाम	योजना का नाम	मुख्य बिन्दु	योजना का सार
5	सहकारिता	उ0प्र0 राज्य सहकारी ग्राम विकास बैंक की योजनायें Q	<u>योजना हेतु पात्रता</u> रोगजार हेतु इच्छुक व्यक्ति । <u>जिला स्तर पर संबंधित अधिकारी</u> जिला प्रबन्धक, उ0प्र0 राज्य सहकारी ग्राम विकास बैंक	1 विभिन्न रोजगार परक योजनाओं के लिये मध्यकालीन एवं दीर्धकालीन ऋण उपलब्ध कराये जाते है। 2 अधिकांश मामलों में व्यक्तिगत लाभार्थियों को ऋण दिये जाते है। 3 योजना के अन्तर्गत ट्रेक्टर ऋण, डेरी ऋण, सड़क परिवहन ऋण, फलोद्यान ऋण, पशुपालन, मत्स्य पालन ऋण, पशुचालित वाहन आदि हेतु ऋण दिये जाते है। 4 जितनी भी इकाईयों को किसी योजना उद्यम मे ऋण दिया जायेगा उसमें कम से कम एक रोजगार सृजित होगा।
		जिला सहकारी बैंक की योजनायें Q	<u>योजना हेतु पात्रता</u> रोगजार हेतु इच्छुक व्यक्ति तथा स्वयं सहायता समूह /संघ। <u>जिला स्तर पर संबंधित अधिकारी</u> सचिव, जिला सहकारी बैंक	1 विभिन्न रोजगार परक योजनाओं के लिये मध्यकालीन एवं दीर्धकालीन ऋण उपलब्ध कराये जाते है। 2 इसके अन्तर्गत वाहन ऋण, व्यवसाइयों/फर्मो को दृष्टि बंधक ऋण, कृषि यंत्रीकरण ऋण, प0 दीनदयाल उपाध्याय सहकारी स्व रोजगार योजना आदि के माध्यम से लाभान्वित कराया जाना। 3 जितनी भी इकाईयों को किसी योजना उद्यम मे ऋण दिया जायेगा उसमें कम से कम एक रोजगार सृजित होगा। 4 वित्तीय वर्ष 2003–04 में ग्राम्य विकास बैंक की योजनायें एवं जिला सहकारी बैंक योजनाओं दोनों में कुल 1.25 लाख लोगों के लिये रोजगार के अवसर सृजित कराये जाने का ल क्ष्य है।

क्र.सं.	विभाग का नाम	योजना का नाम	मुख्य बिन्दु	योजना सार
6	संस्कृति विभाग	1. सांस्कृतिक पर्यटन Q	<u>योजना हेतु पात्रता</u> ग्रामीण एवं षहरी <u>जिला/मण्डल स्तर पर सम्बन्धित उत्तरदायी अधिकारी</u> मुख्य विकास अधिकारी/ पर्यटन/संस्कृति विभाग के अधिकारी	पर्यटन उ.प्र. की लोक संस्कृति एवं सांस्कृतिक विरासत के आधार पर पर्यटन के विकास से सम्बन्धित है। क्षेत्र विशेष के पर्यटक स्थलों को विकसित करने में पर्यटन विभाग का योगदान होगा, विकसित पर्यटक–स्थलों में पर्यटकों को आकर्षित करने, उन्हें उ0प्र0 की संस्कृति से परिचय कराने में उ0प्र0 संस्कृति विभाग सहयोग करेगा। सांस्कृतिक धरोहरों को इन्टरनेट, सी0डी0, पुस्तिका आदि के माध्यम से तथा प्रदर्शनकारी कलारूपों की प्रस्तुतियों के माध्यम से यह कार्य किया जायेगा।
		2. षिल्पग्राम / सुहागहाट Q	<u>योजना हेतु पात्रता</u> ग्रामीण क्षेत्र के लोक कलाकार/ षिल्पकार <u>जिला/मण्डल स्तर पर सम्बन्धित उत्तरदायी अधिकारी</u> मुख्य विकास अधिकारी/ पर्यटन/ खादी ग्रामोद्योग/ वस्त्र	भारत सरकार वस्त्र मंत्रालय के हस्तशिल्प विभाग द्वारा माडल रूप में शिल्पहाट विकसित किये गये हैं, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों द्वारा उदयपुर, हैदराबाद, चण्डीगढ़ में शिल्पग्राम विकसित किये गये हैं, जिनमें हस्तशिल्प तथा ललित कलाओं को प्रोत्साहन मिलता है, कलाकारों को रोजगार के साधन विकसित होते हैं, जयपुर में 'चो खी–ढाडी' तथा अहमदाबाद में ऐसे प्रयास

			मंत्रालय/ संस्कृति विभाग के स्वायत्तशासी संगठन	व्यक्तिगत संस्थाओं द्वारा किये जा रहे हैं। स्वायत्तशसी संस्थाओं के माध्यम से संस्कृति विभाग, उ0प्र0 ऐसे केन्द्र विकसित करने में सहयोग करेगा, जिसके निर्माण में खादी ग्रामोद्योग वस्त्र मन्त्रालय आदि संस्थाओं के साथ पर्यटन विभाग की भागीदारी हो, संस्कृति विभाग देश के अन्य संस्कृति विभागों से सम्पर्क कर योगदान कर सकता है।
		3. वाद्य यन्त्र निर्माण एवं प्रषिक्षण केन्द्र Q	**<u>योजना हेतु पात्रता</u>** कारीगर **<u>जिला/मण्डल स्तर पर सम्बन्धित उत्तरदायी अधिकारी</u>** मुख्य विकास अधिकारी/ पर्यटन/ संस्कृति उद्योग विभाग के स्वायत्तशासी संगठन	उद्योग विभाग के सहयोग से प्रदेश के झांसी मण्डल में ऐसा केन्द्र विकसित किया जायेगा जिसमें वाद्ययन्त्रों के निर्माण एवं प्रशिक्षण का कार्य हो। झांसी, रेलवे नेटवर्क से सघनता से जुड़े होने के कारण म0प्र0, राजस्थान, दिल्ली आदि राज्यों से भी सहयोग प्राप्त कर सकता है। वाद्य यन्त्रों की आवश्यकता तथा लोक कलाकारों को सहयोग, सुझाव हेतु विभाग अपनी सेवायें प्रदान करेगा।
		4. ध्वनि प्रकाष कार्यक्रम Q	**<u>योजना हेतु पात्रता</u>** ग्रामीण/ षहरी **<u>जिला/मण्डल स्तर पर सम्बन्धित उत्तरदायी अधिकारी</u>** मुख्य विकास अधिकारी/ पर्यटन/संस्कृति विभाग के स्वायत्तशासी संगठन	ध्वनि प्रकाश पर आधारित आयोजन दिल्ली, गोलकुण्डा, अण्डमान, ग्वालियर, खजुराहो से चल रहे हैं। पर्यटन विभाग ऐसे कार्यक्रम बनाने में सहयोग करें। संस्कृति विभाग की क्षेत्रीय इकइयों तथा स्वायत्तशासी संगठनों द्वारा प्रस्तुतीकरण में सहयोग प्रदान किया जायेगा।
		5.पारम्परिक लोक प्रदर्शनकारी कला Q रूप/षिल्प प्रषिक्षण एवं विक्रय केन्द्र	**<u>योजना हेतु पात्रता</u>** लोक षिल्पकार **<u>जिला/मण्डल स्तर पर सम्बन्धित उत्तरदायी अधिकारी</u>** मुख्य विकास अधिकारी/ पर्यटन/ खादी ग्रामोंद्योग/ उद्योग/ खाद्य प्रसंस्करण/संस्कृति विभाग के अधिकारी	ग्रामोद्योग, उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण आदि विभाग द्वारा विकसित केन्द्रों में संस्कृति विभाग शिल्पकारों को प्रेषित करेगा। महोत्सवों में इनके वस्तुओं के विक्रय केन्द्र बनाये जायेंगे। अन्य राज्यों के कारीगरों, कलाकारों को आमंत्रित करने में विभाग की स्वायत्तशासी इकाईयां सहयोग करेंगी।

क्र.सं.	विभाग का नाम	योजना का नाम	मुख्य बिन्दु	योजना का सार
7	**दुग्ध विकास विभाग**	**महिला डेरी परियोजना**	1 – आय के श्रोत, सम्पत्ति सृजन एवं आत्मविश्वास तथा निर्णय लेने की क्षमता का विकास। 2 – महिलायें स्वयं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की प्रकिया में सकिय भागीदारी। 3 – ग्रामीण अर्थव्यवस्था में अनुसूचित जाति/ जनजाति एवं पिछड़ी जाति की गरीब महिलाओं को सामाजिक विकास की प्रकिया में भागीदारी योग्य बनाना। 4 – आर्थिक लाभ के कार्यक्रमों के साथ जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराना। 5 – ग्रामीण महिलाओं को पशुपालन, दुग्ध व्यवसाय व्यवस्था एवं चारा विकास के लिये प्रशिक्षित करना। 6 – ग्राम स्तर पर गरीबी उन्मूलन एवं रोजगार सृजन के दृष्टिकोण से ग्रामीण दुग्ध उत्पादक	1. महिला डेरी परियोजना से 2002–03 में प्रदेश के 27 जनपद आच्छादित हैं। दुग्ध समिति का गठन 3–5 किलोमीटर की दूरी पर दोनो ओर के गांवों में किया जा सकता है। एक समिति में 40 महिलाओं होंगी । 2. प्रत्येक समिति को कुल रु0 92,000/– अनुदान के रूप में दिया जायेगा । 3. प्रत्येक महिला डेरी समिति में

		Q	महिलाओं को संगठित कर दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों का गठन। **<u>शैक्षिक योग्यता :–</u>** समिति की सचिव हाईस्कूल पास , टेस्टर की कक्षा आठ तथा हेड लोडर साक्षर होना आवश्यक है । **<u>जनपद स्तर पर संबंधित अधिकारी</u>** **जनपद स्तर पर इकाई प्रभारी दुग्ध संघ तथा उपदुग्धशाला विकास अधिकारी**	कुल 43 सदस्य होंगे जिसमें से सचिव, वर्कर तथा हेड लोडर साक्षर तथा शेष 40 सदस्य असाक्षर हो सकते हैं ।

		सघन मिनी डेरी परियोजना **Q**	आर्थिक रूप से कमजोर एवं विपन्न अनु0जाति/जनजाति वर्ग के आर्थिक रूप से मजबूत करने हेतु स्वरोजगार के प्रबल अवसर उपलब्ध कराना। **<u>परियोजना की प्रमुख विशेषताएं:–</u>** 1. परियोजनान्तर्गत 84 प्रतिशत वित्तीय प्राविधान अनु0जाति/जनजाति एवं 16 प्रतिशत अन्य वर्गो के व्यक्तियों हेतु निर्धारित । 2. 2 दुधारू पशुओं की मिनी डेरी परियोजना की स्थापना , इकाई लागत रु0 29,500 अनु0जाति/जनजाति के लाभार्थियों हेतु लागत का 33 प्रतिशत रु0 9735/– तथा अन्य वर्गो के लिये 25 प्रतिशत रु0 7375 /– का अनुदान । 3. दुधारू पशुओं का बीमा आच्छादन बीमा कम्प्पनी से 4. 80 प्रतिशत की दर से । 4. अनु0जाति के लाभार्थियों हेतु ऋण के समक्ष भूमि बन्धक रखने की अनिवार्यता से मुक्तता । **<u>जनपद स्तर पर संबंधित अधिकारी</u>** **जनपद स्तर पर इकाई प्रभारी दुग्ध संघ तथा उपदुग्धशाला विकास अधिकारी**	**<u>यह योजना प्रदेश के 40 जनपदों में क्रियान्वित करने का निर्णय लिया गया है ।</u>** ऋण आवेदन पत्र दुग्ध समिति के सचिव /क्षेत्र पर्यवेक्षक अथवा दुग्ध उत्पादन सहकारी संघ लिमिटेड के प्रभारी अथवा प्रभारी ई0एण्ड आई0 से जानकारी प्राप्त कर ऋण आवेदन प्राप्त किये जा सकते है ।
		स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान **Q**	**<u>1.अनु0जाति /जनजाति बाहुल्य ग्रामों में दुग्ध समिति का गठन</u>** **<u>2. समिति के गठन एवं कार्यो के संचालन हेतु रु0 50, 000/– यथा :– स्टेशनरी , कैन , ग्लासवेयर, फर्नीचर आदि के लिये अनुदान स्वरूप।</u>** **<u>जनपद स्तर पर संबंधित अधिकारी</u>** जनपद स्तर पर इकाई प्रभारी दुग्ध संघ तथा उपदुग्धशाला विकास अधिकारी	**<u>कार्यक्षेत्र :–</u>** प्रदेश के 13 जनपद यथा :– पीलीभीत, अम्बेडकरनगर , गोण्डा , बलरामपुर , श्रावस्ती , बहराइच , सिद्वार्थ्रनगर , बस्ती , मैनपुरी , फिरोजाबाद , सुल्तानपुर , फतेहपुर व फरूर्खाबाद ।

		अम्बेडकर डेरी डवलपमेंट प्रोजेक्ट **Q**	1. रोजगार सृजन एवं अनु0जाति/जनजाति के ग्रामीण कृषकों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए आर्थिक एवं रोजगारपरक महत्वाकां क्षी योजना 2. 610 चयनित अम्बेडकर ग्रामों में एक प्रारम्भिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति का गठन 3. समिति के गठन में रु0 50,000/– की सहायता 4. दो दुधारू पशुओं की इकाई लागत रु0 21, 500/– । प्रत्येक लाभार्थी को अम्बेडकर विशेष रोजगार योजना में प्राविधानों के अनुसार 33 प्रतिशत की दर से रु0 9735 /– के अनुदान की अनुमन्यता । **<u>जनपद स्तर पर संबंधित अधिकारी</u>** जनपद स्तर पर इकाई प्रभारी दुग्ध संघ तथा उपदुग्धशाला विकास अधिकारी	**<u>कार्यक्षेत्र :–</u>** कार्यक्षेत्र प्रदेश के समस्त जनपद ।
		जिला सेक्टर योजना	1. ग्रामीण क्षेत्रों के दुग्ध मार्गो के दोनों तरफ 5 कि0मी0 की परिधि में चयनित दुग्ध मार्गो पर दुग्ध समितियों का गठन 2. समिति के गठन हेतु रु0 50,000/– वित्तीय सहायता की अनुमन्यता , जिसमें उपकरण , मशीन , स्टेशनरी , फर्नीचर व फिक्सचर ।	**<u>कार्यक्षेत्र :–</u>** प्रदेश के समस्त जनपदों पर जिला स्तर पर चालू व नई योजना के अन्तर्गत।

		Q	**<u>जनपद स्तर पर संबंधित अधिकारी</u>** जनपद स्तर पर इकाई प्रभारी दुग्ध संघ तथा उपदुग्धशाला विकास अधिकारी	

		एकीकृत दुग्धशाला विकास परियोजना	**<u>1. ग्रामीण स्तर पर कृषकों /दुग्ध उत्पादकों को दुधारू पशुओं द्वारा दुग्ध की विपणन व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु चयनित दुग्ध मार्गो पर सहकारी दुग्ध समिति का गठन</u>** 2. समिति गठन हेतु प्रत्येक समिति को दुग्ध परीक्षण उपकरण , ग्लास वेयरर्स, रजिस्टर सेट , फस्ट एड किट , फर्नीचरर्स , फिक्चर्स , कैटल क्रस के लिये रु0 11,000 /– प्रति समिति को उपलब्ध कराया जाना । **Q** **<u>जनपद स्तर पर संबंधित अधिकारी</u>** जनपद स्तर पर इकाई प्रभारी दुग्ध संघ तथा उपदुग्धशाला विकास अधिकारी	**<u>कार्यक्षेत्र :–</u>** यू0पी0–4 प्रोजेक्ट में मऊ , महाराजगंज , सिद्वार्थनगर , झांसी तथा यू0पी0–5 प्रोजेक्ट में बरेली , शाहजहांपुर , पीलीभीत तथा रामपुर जनपद आच्छादित । 2. प्रारम्भिक अवस्था में दुग्ध समिति के कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु समितियों को प्रबन्धकीय अनुदान , दुग्ध परीक्षण हेतु केमिकल्स , सदस्यों द्वारा आपूति किये जाने वाले दुग्ध की मात्रा एवं गुणवत्ता का विवरण अंकित करने हेतु पासबुक वितरण दुग्ध विकास कार्यक्रम की जानकारी एवं प्रचार प्रसार हेतु न्यूज लेटर्स तथा पोस्टर आदि की व्यवस्था , ग्राम स्तर से मोटर रोड तक पहुंचाने हेतु हेड लोड की सुविधा भारत सरकार द्वारा स्वीकृत मानकानुसार उपलब्ध । 3. आडियो विजुअल किट के माध्यम से दुग्ध विकास कार्यक्रमों की जानकारी , हरा चारा बीज (मिनी किट) टीकाकरण की उपलब्धता । 4. दुग्ध विकास कार्यक्रम के प्रति ग्रामीण कृषकों को जागरूक /प्रोत्साहित करने हेतु समिति सचिव , सचिव टेस्टर /हेल्पर , ए0एच0 /ए0आई0 वर्कर प्रबन्ध समिति सदस्य के प्रशिक्षण की व्यवस्था ।

क्र.सं	विभाग का नाम	योजना का नाम	मुख्य बिन्दु	योजना का सार
8	आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स	पी0सी0ओ0 तथा रोजगार ढाबा	<u>योजना हेतु पात्रता</u> :–	पी0सी0ओ0 तथा साइबर ढाबा हेतु लगभग 20,000 रोजगार सृजित होंगे

क्र.सं	विभाग का नाम	योजना का नाम	मुख्य बिन्दु	योजना का सार
9	मत्स्य विभाग	1. तालाब सुधार योजना Q	<u>योजना हेतु पात्रता</u> बेरोज़गार एवं दुर्बल वर्ग के व्यक्ति। *जनपद स्तर पर योजनाओं के कियान्वयन हेतु उत्तरदायी अधिकारी– मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालन विकास अभिकरण*	रु0 60,000/– की सीमा तक बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाता है, जिस पर अनुसूचित जाति/जनजाति के मत्स्यपालकों के लिये 25ः अर्थात् रु0 15,000/– तक शासकीय अनुदान दिया जाता है और शेष व्यक्तियों के लिये 20ः अर्थात् रु0 12,000/– तक अनुदान दिया जाता है।
		2. नये तालाबों का निर्माण	उपरोक्तानुसार	निजी भूमि पर नये तालाबों के निर्माण हेतु रु0 2 लाख प्रति हेक्टेयर तक बैंक ऋण जिस पर सामान्य श्रेणी के व्यक्तियों के लिये 20ः अर्थात् रु0 40,000/– एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के व्यक्तियों के लिये 25ः अर्थात् रु0 50,000/– तक की सीमा तक शासकीय अनुदान सुलभ होता है तथा तकनीकी सहायता भी दी जाती है।
		3. उत्पादन निवेशों हेतु सुविधा	उपरोक्तानुसार	पहले वर्ष में उत्पादन निवेशों हेतु रु0 30,000/– प्रति हेक्टेयर बैंक ऋण, जिस पर सामान्य श्रेणी के व्यक्तियों के लिये 20ः अर्थात् रु0 6,000/– व अनुसूचित जाति/जनजाति के व्यक्तियों के लिये 25ः अर्थात् रु0 7,500/– की सीमा तक अनुदान दिया जाता है।
		4. इन्टीग्रेटेड फिश फार्मिंग	उपरोक्तानुसार	इसमें मछली के साथ–साथ बतख, शूकर आदि का पालन भी शामिल है। इसमें रु0 80,000/– प्रति हेक्टेयर परियोजना लागत पर सामान्य श्रेणी के व्यक्तियों को 20ः अर्थात् रु0 16,000/– तथा अनुसूचित जाति/जनजाति के व्यक्तियों के लिये 25ः अर्थात् रु0 20,000/– अनुदान सुलभ कराया जाता है।
		5. प्रशिक्षण	उपरोक्तानुसार	प्रत्येक जनपद में मत्स्य पालक विकास अभिकरण द्वारा मत्स्य पालकों को मत्स्य पालन करने के लिये 10 दिन का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसमें प्रति दिन रु0 50/– की दर से प्रशिक्षण भत्ता तथा रु0 100/– एक मुश्त भ्रमण व्यय दिया जाता है।
		6. मत्स्य बीज की आपूर्ति	उपरोक्तानुसार	उत्तर प्रदेश में मत्स्य विकास निगम की हैचरियों तथा मत्स्य विभाग के प्रक्षेत्रों में उत्पादित बीज की आपूर्ति मत्स्य पालकों को ऑक्सीजन पैकिंग में तालाब तक सरकारी दरों पर की जाती है।
		7. मिट्टी–पानी की जॉच	उपरोक्तानुसार	मण्डल स्तर पर मत्स्य विभाग की प्रयोगशालाओं द्वारा मत्स्य पालकों के तालाबों की मिट्टी–पानी की निःशुल्क जॉच की जाती है।

क्र. सं.	विभाग का नाम	योजना का नाम	मुख्य बिन्दु	योजना का सार
10	विकलांग कल्याण विभाग	विकलांग व्यक्ति पुनर्वासन हेतु दुकान निर्माण	**1 – विकलांग व्यक्तियों को दुकान निर्माण हेतु सरकार से वित्तीय सहायता।** 2 – **योजना हेतु पात्रता** – 2.1 – समस्त श्रेणी के विकलांग व्यक्ति, जो उ0प्र0 के मूल निवासी है। 2.2 – वार्षिक आय समय–समय पर शासन द्वारा गरीबी रेखा के लिये निर्धारित आय–सीमा के दोगुने से अधिक न हो। 2.3 – आयु 18 वर्ष या उससे अधिक, किन्तु 55 वर्ष से अधिक न हो। 2.4 – जो किसी अपराधिक, अथवा आर्थिक मामले में सजा न पाये हो, तथा जिनके विरूद्व किसी प्रकार की सरकारी धनराशि देय न हो। 2.5 – ग्रामीण अथवा नगरीय क्षेत्र में दुकान निर्माण हेतु स्वयं की 110 वर्गफीट की भूमि हो या जो अपने संश्रोंतो से उक्त क्षेत्रफल की भूमि खरीदने/ लीज पर लेने में समर्थ हो। 3 – **जिला स्तर पर योजना कार्यान्वयन का दायित्वः–** जिला विकलांग अधिकारी	1 – कार्यक्षेत्र :– सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश। 2 – लाभार्थी यदि किसी व्यवसाय विशेष में किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त/ डिप्लोमा, प्रमाण पत्र धारी है और उसी क्षेत्र में व्यवसाय करना चाहता है, तो उसे वरीयता दी जायेगी। 3 – दुकान का क्षेत्रफल कम से कम 110 वर्गफीट होना चाहिये, जिसमें से कमरा कम से कम 8′ x 10′ का तथा शेष बरामदा होना चाहिये। 4 – दुकान का निर्माण लाभार्थी स्वयं करा सकते है, अथवा उनके अनुरोध पर सरकारी एजेन्सी द्वारा कराया जा सकता है। ऋण एवं अनुदान की स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त किये गये व्यय का वहन लाभार्थी स्वयं करेंगा। 5 – पात्र लाभार्थी को रू0 20,000/– की धनराशि की स्वीकृति, इसमें रू0 15,000/– की धनराशि चार प्रतिशत वार्षिक साधारण व्याज की दर पर ऋण के रूप में तथा रू0 5,000/– की धनराशि अनुदान के रूप में। 5.1 – स्वीकृत धनराशि रू0 20,000/– दो किस्त में लाभार्थी को देय। प्रथम किस्त रू0 10,000/– द्वितीय किस्त 10, 000/– जिसमें 5,000/– ऋण तथा 5,000/– अनुदान। प्रथम किस्त के उपयोग उपरान्त उपभोग प्रमाण पत्र देने पर द्वितीय किस्त जारी की जायेंगी। 6 – मूल ऋण की वसूली ऋण व अनुदान की सम्पूर्ण धनराशि के भुगतान के एक वर्ष बाद रू0 5,00/– प्रति त्रैमासिक किस्त की दर से तीन समान किस्तों में की जायेंगी। 6.1 – मूल ऋण की वसूली के बाद व्याज की धनराशि 24 बराबर मासिक किस्तो में की जायेंगी।

क्र.सं	विभाग का नाम	योजना का नाम	मुख्य बिन्दु	योजना का सार
11	हथकरधा एवं वस्त्रा उद्योग	<u>दीनदयाल हथकरधा प्रोत्साहन योजना।</u> Q	<u>योजना हेतु पात्रता</u> प्राथमिक सहकारी समितियों / स्वयं सहायता समूहों । <u>जिला स्तर पर संबंधित अधिकारी</u> सहायक निदेशक, हथकरघा	1– योजनान्तर्गत ऋण सुविधा प्राप्त करने हेतु मार्जिनमनी की उपलब्धता। 2– हस्त शिल्पी लूम आदि आधारभूत सामग्री क्रय कर सके तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर सके, इस हेतु 50 प्रतिशत तक की आर्थिक सहायता का भी प्राविधान। 3– डिजाइन में सुधार , प्रचार–प्रसार, विपणन, यातायात तथा हथकरधा संगठनों को सुदृढ करने हेतु भी सुविधायें उपलब्ध कराया जाना। 4– वित्तीय वर्ष 2003–04 में योजनान्तर्गत रू0 10.00 करोड आय–व्ययक प्राविधान तथा 6000 बुनकरों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने का लक्ष्य।

क0सं0	विभाग का नाम	योजना का नाम	मुख्य बिन्दु	योजना का सार
12	उद्यान एवॅ खाद्य प्रसंस्करण	**राजकीय पौधशालाओं/ उत्पादन इकाईयों का आधुनीकरण।**	उत्पादन से सम्बन्धित मदों में आवश्यक परिव्यय हेतु वर्ष 2003–04 की इकोनामिक बायबिलटी रिपोर्ट पूर्व से बनाकर मानकों के आधार पर ही धनराशि स्वीकृत करायी जाये। योजनान्तर्गत निर्माण कार्यों हेतु धनराशि स्वीकृत न कराई जाए ।	योजना के अन्तर्गत केवल उन्हीं उत्पादन इकाईयों के लिए परिव्यय निर्धारित कराया जाए, जो पूर्व से स्थापित हैं एवॅ उन पर उत्पादन कार्यक्रम चलाया जा रहा है ।
		नवीन पौधशाला की स्थापना	पौधशालाओं का उत्पादन कार्यक्रम ''राजकीय पौधशलाओं/ उत्पादन इकाईयों का आधुनीकीकरण'' योजना में लेकर इस हेतु अपेक्षित धनराशि की व्यवस्था कराकर उन्हीं जनपदों में परिव्यय स्वीकृत कराया जाना जहॉ पर उपयुक्त भूमि निःशुल्क प्राप्त हो जाए ।	योजनान्तर्गत जनपद महाराजगंज, कुशीनगर, बागपत एवॅ चित्रकूट में एक–एक पौधशाला की स्थापना कर उनका रख–रखाव किया जाना ।
		फल पट्टी सघ न एवॅ संहत क्षेत्रों में फल विकास, प्रदर्शनी, प्रशिक्षण, तकनीकी जानकारी एवॅ पौध आपूर्ति।	**योजना हेतु पात्रता** लघु सीमान्त कृषक	लघु सीमान्त कृषकों को अधिकतम 02 एकड तक बेर, आम, आवंला, लीची तथा नींबू फलों के बाग रोपित करने पर रोपण सामग्री, खाद, उर्वरक, कीट व्याधिनाशक आदि पर निम्नानुसार निःशुल्क निवेश उपलब्ध कराया जाये :– 1– आम तथा लीची पर– 10000 रू0 रूपये का निवेश/ हैक्टर 2– अमरूद, आंवला, बेर, नींबू पर – 7000 रु0 रूपये का निवेश/ हैक्टर । 3– फल विकास प्रदर्शनी, तकनीकी प्रशि क्षण आदि के आयोजन हेतु भी आवश्यकतानुसार धनराशि की व्यवस्था कराना । 4–चयनित फलों हेतु निर्धारित मानकों के अनुरूप परिव्यय स्वीकृत कराया जाना । 5– उघान रोपण से पूर्व लाईव फेंसिंग कराया जाना अनिवार्य होगा ।
		शाकभाजी एवॅ मसाला विकास की योजना	1– प्रमुख निवेशों पर रू0 2000/ – प्रति हैक्टर प्रति लाभार्थी की दर से प्रतिकर देय होगा। 2– योजना का प्रचार–प्रसार कर कृषकों को समूह में संगठित कर एक रजिस्टर बनाकर उसमें कुल आय–व्यय के विवरण का उल्लेख किया जाएगा । 3– योजनान्तर्गत प्रर्दशनों हेतु रू0 2000/ – प्रति दर प्रदर्शन की व्यवस्था करायी जाएगी जो अनुदान के रूप में होगी।	नदी तलहटी में शाक भाजी खेती के प्रोत्साहन हेतु प्रतिकर का भुगतान
		मैक्रो मैनेजमेन्ट योजना(केन्द्रीय) हेतु 10 प्रतिशत राज्यॉश।	योजनान्तर्गत विभाग द्वारा संचालित केन्द्र पोषित योजना मैक्रो मैनेजमेन्ट मोड हेतु भारत सरकार द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना की 10 प्रतिशत राज्यॉश की व्यवस्था कराई जाती है ।	इस योजनान्तर्गत संचालित कार्यक्रमों हेतु दिशा निर्देश भारत सरकार से योजना की स्वीकृति के अभाव में प्रेषित नहीं किये गये हैं।
		कम्पयूटराइजेशन, प्रशिक्षण एवॅ प्रसार		
		नवीन जनपदों एवॅ मण्डलों के कार्यालयों की		

		स्थापना ।		
		आम फल–पट्टी विकास की योजना	1– 25 प्रतिशत अनुसूचित जाति तथा जनजाति कोटि के लाभार्थियों का चयन अनिवार्य। 2– लाभार्थी लाईव फेन्सिंग लगाने के लिए सहमत हों । 3– बागवान को अनुदान 0.4 हैक्टर के 1. 00 हैक्टेर की सीमा तक अनुमन्य होगा । 4– चयनित लाभार्थियों को दो दिन का प्रशिक्षण, प्रतिदिन प्रति लाभार्थी 30 प्रतिशत को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी । 5– उर्वरकों का क्रय राजकीय संस्थानों से निर्धारित सीमा तक किया जाए । 6– फुट स्पेयर्स पर लाभार्थी को 50 प्रतिशत अनुदान या अधिकतम 700/ – जो भी कम हो देय होगा(नियमानुसार)।	1– लाभार्थी का चयन । 2– अनुदान देयता 3– रोपण सामग्री 4– रोपण सामग्री 5– लाईव फेसिंग 6– रेखॉकन व रोपण कार्य । 7– प्रशिक्षण 8– उर्वरक 9– सिके टियर 10– कीट व्याधिनाशक रसायन/ सूक्ष्म तत्व। 11– उद्यान के रख रखाव पर राज्य सहायता 12–फुट स्पेयर वितरण ।
		हर्बल गार्डेन्स की स्थापना **Q**	अनुमानित लागत रू0 1.00 लाख का अनुदान दिया जाएगा जिसमें 25 प्रतिशत धनराशि रोपण सामग्री के रूप में तथा 75 प्रतिशत धनराशि स्थापना सामग्री सम्पूर्ति के रूप में व्यय की जाएगी। **योजना हेतु पात्रता** अनुसूचित जाति/ जनजाति के लाभार्थियों से जाति प्रमाण पत्र प्राप्त कर उन्हें लाभान्वित किया जाएगा। योजना के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार–प्रसार समाचार पत्रों के माध्यम से किया जाएगा । अनुदान की धनराशि का भुगतान क्रास चेक द्वारा लाभार्थियों के खाते में किया जाए। **जिला स्तर पर संबंधित अधिकारी :** जिला उद्यान अधिकारी	1– बीज व पौध आदि रोपण सामग्री पर प्रति हैक्टर अनुमानित लागत– 25,000 तथा प्रति हैक्टर देय अनुदान–25000 । 2– स्थापना व्यय प्रति हैक्टर अनुमानित लागत–75000 तथा प्रति हैक्टर देय अनुदान 75000। इसप्रकार कुल प्रति हैक्टर अनुमानित लागत 100000 तथा प्रति हैक्टर देय अनुदान रू0 100000 होगा ।

क्र.सं.	विभाग का नाम	योजना का नाम	मुख्य बिन्दु	योजना का सार
13	**खादी ग्रामोद्योग**	**1. ब्याज उपादान योजना** **Q**	**योजना हेतु पात्रता** व्यक्तिगत/ साझेदारी इकाईयों को ग्रामोद्योग इकाईयों की स्थापना **जिला स्तर पर संबंधित अधिकारी :** जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी	1. इकाईयों की स्थापना हेतु बैंकों से अधिकतम रू0 2 लाख का ऋण 2. ऋण पर 4 प्रतिशत की दर से ब्याज की धनराशि जिला सेक्टर के आय–वययक से बोर्ड द्वारा बैंकों को उपलब्ध करायी जाती है 3. वित्तीय वर्ष 2003–04 में बैंकों से रू0 182 करोड़ पूंजीनिवेश का लक्ष्य 4. योजनान्तर्गत कुल 3750 ग्रामोद्योग इकाईयों की स्थापना कर 28750 स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का लक्ष्य
		2. मार्जिन मनी योजना **Q**	**योजना हेतु पात्रता** रोजगार व्यक्तियों/ समितियों को **जिला स्तर पर संबंधित अधिकारी** जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी	1. पात्रता के अनुसार रू0 25 लाख तक की ग्रामोद्योग इकाईयां स्थापित करने हेतु बैंकों के माध्यम से ऋण स्वीकृत कराया जाना 2. रू0 10 लाख तक के ऋण पर 25 प्रतिशत मार्जिन मनी 3. रू0 10 लाख से रू0 25 लाख की लागत तक 10 प्रतिशत मार्जिनमनी केन्द्रीय खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के बजट से ब्याज रहित ऋण

				के रूप में उपलब्ध करायी जाती है। 4. मार्जिन मनी की धनराशि इकाई के 2 वर्ष तक सफल संचालन के उपरान्त अनुदान के रूप में परिवर्तित हो जाती है

क्र.सं.	विभाग का नाम	योजना का नाम	मुख्य बिन्दु	योजना का संक्षिप्त विवरण
14	श्रम	सेवा क्षेत्र के अन्तर्गत उपभोक्ताओं को सामान्य प्रकार के उपकरणों की मरम्मत की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से प्राप्त अभ्यर्थियों का समूह बनाकर सर्विस सेन्टर की स्थापना		1–इस योजना में उपभोक्ताओं को रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाले उपकरण टी.वी., फ्रिज, इन्वर्टर, इलेक्ट्रिक स्विच आदि जैसे सामान्य प्रकार की मरम्मत हेतु सेवायें उपलब्ध कराई जायेंगी। इस हेतु आवश्यकतानुसार बेरोजगारों के समूह जनपद में बनाये जायेंगे। 2–इस हेतु जनपद मुख्यालय के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य नोडल अधिकारी होंगे।
		अल्प अवधि के प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार परकता में वृद्धि करना		1–इस योजना में रोजगारपरकता में वृद्धि हेतु स्थानीय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में टंकण, कम्प्यूटर में डाटा इण्ट्री का अल्पकालिक प्रशिक्षण दिया जायेगा जिससे बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिल सके।
		महिलाओं हेतु विशिष्ट व्यवसायों में प्रशि क्षण कार्यक्रम आयोजित करना		1–इस योजना के अन्तर्गत महिलाओं को ब्यूटी एण्ड स्किन केयर, हेल्थ सेंटर, सिलाई आदि का अल्पकालिक प्रशिक्षण दिलाया जायेगा।
		गैर तकनीकी अन्य उपयोगी कम लागत वाले व्यवसायों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना		1–इस योजना में मुख्य रू‍प से फिनायल, गत्ते के बक्से, धागे की रील, दोने पत्तल, आफिस हेतु गोंद आदि बनाने का मामूली प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगें। 2–उक्त उत्पादों के क्रय हेतु शासकीय/अद्ध शासकीय व निगमों आदि में वरीयता दी जायेगी।

क्र.सं.	विभाग का नाम	योजना का नाम	मुख्य बिन्दु	योजना का सार
